शिव शंकर ना होते | by Mukesh Kumar

शिव शंकर ना होते कभी दैत्य नहीं मरते
देवों के मंदिर में कभी दीप नहीं जलते

जब भस्मासुर दानव शिव से छल करने लगा
शिवजी की शक्ति से जब वो टकराने लगा
जो शिव से बैर करे वो ज़िंदा नहीं रहते

रावण भी छल करके शिव लिंग को ले आया
शक्तिशाली होते वो भार ना सेह पाया
फिर वैधनाथ बनके स्थिर हो जाते हैं

महाकाल बने शंकर उज्जैन में आये हैं
एक दूषण दानव को वहां मार मिटाये हैं
कालेश्वर के भय से यमराज कांपते हैं
शिव शंकर न आ होते.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%b6%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%a4%e0%a5%87-by-mukesh-kumar/